www.wagadsandesh.com

वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-126 | सागवाड़ा, रविवार,8 जनवरी, 2023 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

गोशाला के लिए अपनी माता की स्मृति में भूमि दान करने वाले अनिल सुथार का अभिनंदन करते हुए।

समाजसेवी एवं उद्योगपति भूपेंद्र भट्ट घोटाद का अभिनंदन करते हुए ।

गो सेवा का ऐसा जज़्बा, किसी के 7 तो किसी ने 5 बीघा भूमि कर दी दान

* अनिल गुलाबचंद सुथार ने अपनी माता की स्मृति में 5 बीघा जमीन तथा कालिया मेगजी पाटीदार ने 7 बीघा जमीन दान की
* नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया सहित पार्षदों का श्रीमद् भागवत सत्संग समिति द्वारा अभिनंदन किया गया

सागवाड़ा। श्रीमद् भागवत सत्संग समिति द्वारा आयोजित श्री श्री उत्तम कृष्ण गोपाल गौशाला के आर्थिक सहातार्थ आयोजित दिव्य गोकृपा कथा का शनिवार समापन हुआ है। इन 7 दिनों में गौमाता की सेवा एवं संरक्षण के लिए अर्थ अंश दान के साथ ही शनिवार को कथा स्थल पर भूमि दान की घोषणा से उपस्थित श्रद्धालु उल्लास एवं हर्षित ध्वनि के साथ जयकारा लगाते हुए झूम उठे। यजमान परिवारों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए श्रीसंत ने बहुत-बहुत मंगल आशीर्वाद दिया है। संत जगदीश गोपाल महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि गाय का शीश और उसकी सेवा में गो भक्तों का शीश झुकता रहे लेकिन इस मां का सिर अब कटना नहीं चाहिए। भारत की पवित्र भूमि पर बूचड़खाने बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले इसके लिए सबको निरंतर आगे आकर प्रयास करना होगा। दिव्य गो कृपा कथा के समापन से पूर्व धर्मसभा में बड़े ही मार्मिक शब्दों में गो संत ने कहा कि हमारी पूज्या एवं भगवान की प्रिय गोमाता दु:खी रहेगी तो धरती पर कोई सुखी नहीं हो सकता। गाय दु:खी तो धरती, धर्म, संस्कृति एवं प्रकृति भी दु:खी रहेगी। हम किसी भी तरह से अपने प्रभु की प्रसन्नता चाहते हैं तो हमें गोमाता के दुखों को कम करने के लिए जो कुछ ईश्वर से प्राप्त हुआ है तन, मन, वाणी वो अर्पित करना है। प्रभु को प्रसन्न करने की सर्वहितकारी प्रवृति गोवंश को सुख पहुंचाना है। गो रक्षा के साथ धरती, प्रकृति, मानवता की सुरक्षा सन्निहित है। सबसे श्रेष्ठ सद कार्य अन्तिम समय में गो दान हैं। गोमाता की कृपा से ही राष्ट्र की समग्र उन्नति संभव है। भौतिक रूप से विकसित कहे जाने वाले देश भी आज सनातन आध्यात्म की ओर बढ़ रहे हैं। भौतिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। गाय सकारात्मक उर्जा का केन्द्र है। ये मानव की भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति करती है। जहां गाय का अवमूल्यन हो जाए उस क्षेत्र का विनाश करीब ही है। प्राचीन समय में भारत की उन्नति, महानता , एवं विश्व स्तरीय ख्याति के पीछे प्रधान कारण गोमाता थी। विगत दो दशकों से गो चेतना बढ़ी है। इससे विधर्मियो के हौसले पस्त हो रहे हैं।

आपातकालीन रक्त की आवश्यकता होने पर ड्यूटी तैनात महिला पुलिसकर्मी ने दिखाई मानवता

ज़ील अस्पताल में किया रक्त दान

सागवाड़ा। सागवाड़ा महिपाल खेल मैदान में चल रही दिव्य श्री गो कृपा कथा के अंतिम दिन शनिवार को पुलिस प्रशासन का मानवीयता का चेहरा दिखाई दिया। सपना फाउंडेशन सागवाडा के प्रभारी राहुल सेवक सिलोही ने बताया कि शनिवार को ज़ील अस्पताल में भर्ती एक मरीज को O+ की आपातकालीन आवश्यकता होने पर फाउंडेशन के सागवाड़ा प्रभारी ने सोशल मीडिया और फाउंडेशन के सदस्यों को आपातकालीन रक्त की आवश्यकता होने का मेसेज वॉयरल किया गया। वॉयरल मेसेज सूचना गौ कथा सागवाडा में अपनी ड्यूटी दे रही राजस्थान पुलिस की जवान निशा पाटीदार को मिली। निशा पाटीदार ने प्रभारी से सम्पर्क करके तुंरत अपनी साथियों को लेकर ब्लड बैंक पहुचे और रक्तदान किया। महिला पुलिसकर्मी निशा पाटीदार ने रक्तदान करने के बाद आमजन से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान के दौरान पुलिस बहादूर सिंह,वनीता, गिरिजा, प्रियांशी, नीलम, मोहिनी, वंशिका, ब्लड बैंक से हरी और योगेश, राहुल सेवक सिलोही उपस्थित रहे।

चौरासी विधायक राजकुमार ने डामर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

सीमलवाड़ा । चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने डामर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत मालाखोलडा सरपंच केशवलाल कलासुआ ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में उबापाण से बोड़ामली सीमा तक वाया हिंडोलिया तालाब सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार रोत, अध्यक्ष प्रधान शर्मिला ताबियाड, विशिष्ठ आतिथ्य उप प्रधान बदाराम डामोर, जिला परिषद सदस्य

सलीम भाई, कांता देवी, अनिता कटारा, भंवर लाल पारगी, पोपट लाल खोखरिया, कमलेश डेंडोर, वनित डेंडोर, उप सरपंच हाजु गरासिया सहित मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए एमएलए राजकुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो भी वादे किए थे जिनमें अधिकांश पूरे हो गए है। कडाना बैक वाटर को सिंचाई के लिए चौरासी क्षेत्र में लाने का कार्य जल्द ही पूरा होगा, जिसके लिए बजट भी जारी हो गया है। चिखली और सीमलवाड़ा में सरकारी कॉलेज शुरू हो गई है। शेष कार्यों को पूरी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे।